रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम )
RailTel Corporation of India Ltd. ( A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक-06.04.2022

# प्रेस विज्ञप्ति

*********

**रेलटेल को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित एसईसीएल के 16 कमांड क्षेत्रों में इंटरनेट लीज्ड लाइन (ILL) स्थापित करने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) से 15.76 करोड़ रुपये के एक वर्क आर्डर प्राप्त हुआ है।**

**इंटरनेट न केवल ऊपर उल्लिखित 16 क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा बल्कि इन 16 कमांड क्षेत्रों में स्थित लगभग 500 स्थानों (तौल पुलों/वाशरीज़/खानों) को वितरित किया जाएगा।**

**इंटरनेट लीज्ड लाइन एक डेडिकेटेड इंटरनेट कनेक्शन है जो एक से अधिक एंडपॉइंट्स के बीच नेटवर्क पर सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है। यह हर समय हाई-कनेक्टिविटी और एक फिक्स्ड बैंडविड्थ पहुंचाती है और ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी की तुलना में किसी भी दुरुपयोग और दुर्भावनापूर्ण साइबर हमलों में कहीं अधिक सुरक्षित है।**

**रेलटेल द्वारा एसईसीएल सहित कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की विभिन्न सहायक कंपनियों में एवं कोल इंडिया लिमिटेड में सृजित इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर उनके ईआरपी सिस्टम की मेगा परियोजना के कार्यान्वयन में मददगार सिद्ध हो रहा है, जिसे 'प्रोजेक्ट पैशन' नाम दिया गया है।**

**रेलटेल के लिए कोयला सेक्टर एक महत्वपूर्ण सेक्टर है और हम सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों के लिए कई परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि संपूर्ण सेक्टर में डिजिटलीकरण पर जोर दिए जाने को देखते हुए इस क्षेत्र से राजस्व में और वृद्धि होगी। श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल।**

*****

रेल मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मिनी रत्न रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित एसईसीएल (SECL) के 16 कमांड क्षेत्रों में इंटरनेट लीज्ड लाइन (ILL) इंस्टॉल करने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) से 15.76 करोड़ रुपये का वर्क आर्डर प्राप्त हुआ है। रेलटेल एक प्रमुख इनफार्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (ICT) प्रोवाइडर है और देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम प्रोवाइडर में से एक है और जिसके पास रेलवे ट्रैक के साथ-साथ एक्सक्लूसिव राइट ऑफ वे (ROW) पर 61000 से अधिक रूट किलोमीटर का अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। एसईसीएल, भारत सरकार की सबसे अधिक कोयला उत्पादक कंपनी है और कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) महारत्न उपक्रम की 8 सहायक कंपनियों में से एक है।

वर्क ऑर्डर के दायरे में अलग-अलग बैंडविथ के साथ डेडिकेटेड अन-कम्प्रेस्ड, अन-शेयर्ड सिमिट्रिक इंटरनेट लीज्ड लाइन उपलब्ध कराना शामिल है। आईएलएल (ILL) को 5 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध कराया जाना है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) के 16 कमांड एरिया कार्यालय हैं जहां आईएलएल (ILL) उपलब्ध करायी जानी है, वे हैं: -

भटगांव, बिश्रामपुर, चिरीमिरी, दीपका, गेवरा, हसदेव, जोहिला, कोरबा, कुसमुंडा, रायगढ़, सीईडब्ल्यूएस गेवरा, सीडब्ल्यूएस कोरबा, सेंट्रल स्टोर कोरबा-सभी छत्तीसगढ़ में: बैकुंठपुर, जमुना और कोतमा, सोहागपुर-सभी मध्य प्रदेश में। इंटरनेट न केवल ऊपर उल्लिखित क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा बल्कि इन 16 कमांड क्षेत्रों में स्थित लगभग 500 स्थानों (तौल पुलों/वाशरीज़/खानों) में वितरित किया जाएगा।

इंटरनेट किसी भी व्यवसाय या संगठन के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण हो गया है जो बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए इंटरनेट लीज्ड लाइन (ILL) पर तेजी से निर्भर होता जा रहा है।

एक इंटरनेट लीज्ड लाइन एक डेडिकेटेड इंटरनेट कनेक्शन है जो कई एंडपॉइंट्स के बीच नेटवर्क पर सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराता है। ब्रॉडबैंड के विपरीत, यह एक लोकैलिटी में कई थर्ड-पार्टी उपयोगकर्ताओं द्वारा शेयर नहीं किया जाता है, और इस प्रकार, हर समय उच्च-कनेक्टिविटी और एक निश्चित बैंडविड्थ उपलब्ध कराता है और ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी की तुलना में किसी भी दुरुपयोग और दुर्भावनापूर्ण साइबर हमलों में कहीं अधिक सुरक्षित रहता है। इसके अलावा, लीज्ड लाइनें समान डाउनलोड और अपलोड गति के साथ बैलेंस्ड कनेक्शन गति उपलब्ध कराती हैं। लीज्ड लाइन का एक अन्य प्रमुख लाभ, सर्विस लेवल एग्रीमेंट ( SLA) है जो प्रोवाइडर से न्यूनतम स्तर की सेवा सुनिश्चित करता है।

रेलटेल, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि.(SECL) सहित कोल इंडिया लि.(CIL) की सहायक कंपनियों के कई स्थानों पर मल्टी-प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग (MPLS)-वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) का निर्माण और मेन्टेनेन्स भी कर रहा है। सीआईएल की सहायक कंपनियों के लिए रेलटेल द्वारा निर्मित आईएलएल(ILL) के साथ एमपीएलएस-वीपीएन नेटवर्क कोल इंडिया लिमिटेड में उनके ईआरपी सिस्टम की मेगा परियोजना के कार्यान्वयन में सहायक सिद्ध हो रहा है, जिसे 'प्रोजेक्ट पैशन' नाम दिया गया है। ईआरपी सीआईएल को समय पर (रीयल-टाइम) निर्णय लेने, उत्पादकता बढ़ाने और लागत कम करने में मदद करेगा।

इसके बारे में बात करते हुए श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल ने कहा: "रेलटेल के मुख्य व्यवसाय में से एक है देश में विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना और कंपनी राष्ट्रीय डिजिटल ट्राँसफार्मेशन में सबसे आगे है। रेलटेल के लिए कोयला सेक्टर एक महत्वपूर्ण सेक्टर है और हम सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों के लिए कई परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहे हैं। जनवरी, 2021 से, कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों से हमें 700 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर मिला है। हमें उम्मीद है कि पूरे क्षेत्र में डिजिटलीकरण पर जोर दिए जाने को देखते हुए इस क्षेत्र से राजस्व में और वृद्धि होगी। आईएलएल के अलावा, रेलटेल कोयला कंपनियों को एमपीएलएस वीपीएन सेवाएं, इंटरनेट बैंडविड्थ, सीसीटीवी क्रियान्वयन, एचडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, एलएएन/डब्ल्यूएएन कनेक्टिविटी आदि भी उपलब्ध कराता है। हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीआईएल प्रणाली की इंटरनेट अवसंरचना को मजबूत करने के हमारे प्रयास ईआरपी के उनके प्रोजेक्ट पैशन 'के क्रियान्वयन में मददगार सिद्ध हो रहे हैं जो कोयला क्षेत्र को डिजिटल बनाने में महत्वपूर्ण होने जा रहा है और जिसके परिणामस्वरूप प्रोसेस ऑप्टिमाइजेशन और बिजनेस वृद्धि होगी।

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक रूट किलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना

प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) को पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

**अधिक जानकारी के लिएः**

sucharita@railtelindia.com